रोहतक
सोमवार, 8 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 28, अंक : 71
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 17.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 हम जनता को जनार्दन मानते हैं, जबकि कांग्रेस के लोग एक परिवार को : राजनाथ

## लोकसभा चुनाव : पीएम मोदी ने बिहार और बंगाल से किया विपक्ष पर प्रहार, जयराम ने दिया जवाब

# कांग्रेस को 370 हटाने का दुःख, ये टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता

### मोदी बोले, तृणमूल केंद्रीय एजेंसियों पर हमले करवा रही, बंगाल को बर्बाद किया

**जलपाईगुड़ी/नवादा (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा और पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रैलियों को संबोधित किया और विपक्ष पर तीखा हमला बोला। मोदी ने बिहार में कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि उसके द्वारा हाल में जारी घोषणापत्र में 'तुष्टिकरण की राजनीति' की बू आ रही है। ये ऐसा है मानो इसे मुस्लिम लीग लेकर आई है। बिहार के नवादा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी आलोचना की। 'कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। वह कहते हैं कि अनुच्छेद 370 का राजस्थान से क्या लेना-देना है। कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का दुःख है। यह टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता है। उनके विचार राजस्थान और बिहार के सुरक्षाकर्मियों का अपमान हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राण गंवाए और उनके शव तिरंगे में लिपटे हुए वापस आए।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'कांग्रेस, बिहार में उसकी सहयोगी राजद और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक संविधान के बारे में बात करना बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब आम्बेडकर के संविधान को लागू क्यों नहीं किया। यह केवल मोदी के शासन में ही संभव हो सका।'

### कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखकर लगता है मानो मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र हो




#### घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस पर हमला

मोदी ने कहा, 'दो दिन पहले कांग्रेस ने जो अपना घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें भी मुस्लिम लीग के विचारों की छाप है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र नहीं, तुष्टिकरण पत्र जारी किया है।' 'मोदी ने भारत को आंख दिखाने वालों को सबक सिखाने की गारंटी दी थी। जो भारत को आंख दिखाते थे वो अब आटे के लिए भटक रहे हैं।' विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर निशाना साधते हुए कहा, 'मोदी ने गारंटी दी थी कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनेगा। जो पांच सौ वर्षों में नहीं हो पाया, जिस राम मंदिर के निर्माण को रोकने के लिए कांग्रेस और राजद ने वर्षों तक कोशिश की वह राम मंदिर बनकर तैयार हो गया।

#### मोदी की गारंटी उन्हें परेशान कर रही

पीएम ने कहा, मोदी की गारंटियां कांग्रेस राजद वाले और 'इंडिया' गठबंधन वालों को परेशान कर रही है, उनको पसंद नहीं आ रही है। इंडी गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता ने कहा कि मोदी आपको जो गारंटी देता है उसपर प्रतिबंध लगाना चाहिए। अरे इतने डर गए हो क्या। यह लोग कहते हैं कि मोदी का गारंटी देना ही गैर कानूनी है।' चुनाव में झूठ बोलना, गठबंधन वालों की पहचान यही है।

#### बंगाल में ममता को घेरा

मोदी ने बंगाल में कहा कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार और हिंसा की खुली छूट चाहती है और यही वजह है कि ऐसे मामलों की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों को राज्य में हमलों का सामना करना पड़ता है। जलपाईगुड़ी में मोदी ने दावा किया कि बंगाल में 'टीएमसी का सिंडिकेट राज' कायम है और पार्टी केवल अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने में रुचि रखती है। 'तृणमूल सरकार बंगाल में लूटपाट और आतंक के लिए खुली छूट चाहती है। अपने जबरन वसूली करने वाले और भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमले की साजिश रचती है।'

#### भ्रष्टाचार पर वार

मोदी ने कहा कि 'मैं कह रहा हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ। विपक्ष कह रहा है कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। मैं सुनिश्चित करूंगा कि भ्रष्टाचारियों को सजा मिले और गरीबों को न्याय मिले। चार जून (जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे) के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।' टीएमसी, वाम दलों और कांग्रेस ने भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए 'इंडी' गठबंधन बनाया है।

# 4 जून के बाद मोदी को लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा : रमेश

### रमेश बोले-कुर्सी बचाने की बौखलाहट में पीएम कर रहे बेबुनियाद बातें

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने भी रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पार्टी की गारंटियों से घबराए हुए हैं और अपनी कुर्सी बचाने की बौखलाहट में बेबुनियाद बातें कर रहे हैं। बिहार के नवादा जिले में रविवार को एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसके चुनाव घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है और उसके नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता व सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, "भारत के लोग अब प्रधानमंत्री के झूठ से थक चुके हैं। चार जून के बाद उनको लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा। यही भारत के लोगों की गारंटी है।"लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी।

### देश की जनता पीएम मोदी के झूठ से थक चुकी, कांग्रेस का घोषणा पत्र लोगों में नई उम्मीद जगा रहा



#### कांग्रेस ने पांच न्याय और 25 गारंटी दी

रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की 'पांच न्याय पचीस गारंटी' 10 साल के /"अन्याय-काल/" के बाद भारत के लोगों में एक नयी उम्मीद जगा रही है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय पच्चीस गारंटी भारत के लोगों में 10 साल के अन्याय-काल के बाद एक नयी उम्मीद जगा रही है।

#### कांग्रेस की गारंटी से घबराए मोदी

इस गारंटी कार्ड से घबराए हुए प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने की बौखलाहट में बेबुनियाद बातें कर रहे हैं। भारत के लोग अब प्रधानमंत्री के झूठ से थक चुके हैं। चार जून के बाद उनको लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा। यही भारत के लोगों की गारंटी है!"

## खबर संक्षेप

### 1000 फीसदी रिटर्न का दावा, सेबी का एक्शन

**नई दिल्ली।** लोगों को स्टॉक मार्केट से जुड़ी गुमराह करने वाली सलाह देने वालों पर सेबी ने फाइनेंशियल इंफ्लुएंसर रविंद्र बालू भारती पर सख्त कार्रवाई करते हुए बैन लगा दिया है। साथ ही उन्हें 12 करोड़ भरने के निर्देश दिए हैं। रविंद्र पर आरोप है कि उन्होंने 1000% तक रिटर्न देने के दावे किए थे। सेबी की गाज उनकी पत्नी शुभांगी और कंपनी पर भी गिरी है। एजेंसी

### प्रसिद्ध 'सिनेमैटोग्राफर' गंगू रामसे का निधन



**मुंबई।** प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर एवं फिल्मकार गंगू रामसे का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। रामसे के परिवार के मुताबिक, उन्होंने रविवार सुबह यहां एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। रामसे को 'पुरानी हवेली' व 'तहखाना' जैसी मशहूर डरावनी फिल्मों के लिए जाना जाता है। भाषा

### विस्तारा ने अपनी उड़ानें 10 प्रतिशत तक घटाईं

**नई दिल्ली।** एयरलाइन विस्तारा पायलट संकट के बीच परिचालन को स्थिर करने का प्रयास करते हुए अपनी क्षमता में 10 प्रतिशत या लगभग 25-30 उड़ानें प्रतिदिन कम कर रही है। एयरलाइन को उम्मीद है कि अप्रैल में परिचालन स्थिर रहेगा। विस्तारा को 31 मार्च से शुरू हुए ग्रीष्मकालीन सारिणी में प्रतिदिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करनी थीं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। भाषा

### युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने युवा और शहरी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया मंचों पर विभिन्न अभियान शुरू किए हैं। आयोग ने एक अभियान शुरू कर लोगों से आग्रह किया गया है कि वे सोशल मीडिया पर, चुनाव से संबंधित जो भी सूचना प्राप्त करते हैं उसे पहले सत्यापित करें और फिर उसे साझा करें। भाषा

### बंदूक लेकर सोते चल गई गोली, एसआई की मौत

**हैदराबाद।** रविवार तड़के 49 वर्षीय पुलिसकर्मी की बंदूक से कथित रूप से अकस्मात गोली चल जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह पुलिसकर्मी यहां हुसैनीआलम थाना क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात था और उसकी पहचान तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के सशस्त्र रिजर्व उपनिरीक्षक के रूप में हुई है। वे नगरकुरनूल के रहने वाले थे। मामले की जांच जारी है। एजेंसी

# अंबाला में एसडीएम यश पर खनन माफिया का हमला

अवैध खनन की जांच करने गए थे एसडीएम जालूका | गांव टोका साहिब के पास खनन माफिया ने 2 बार की वारदात | कई इलाकों में चल रहा है अवैध खनन का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला में अवैध खनन की जांच करने गए नारायणगढ़ के एसडीएम यश जालूका पर खनन माफिया ने कातिलाना हमला कर दिया। इस दौरान इनोवा गाड़ी से एसडीएम की गाड़ी को दो बार टक्कर मारने की कोशिश की गई। एसडीएम ने अपने साथियों के साथ इनोवा गाड़ी का पीछा भी किया, लेकिन खान माफिया ने फिर उन्हें टक्कर मारने का प्रयास किया। यही नहीं, आरोपित ड्राइवर के मोबाइल में अधिकारियों की लोकेशन भी थी। उन्होंने काफी देर तक एसडीएम का पीछा किया। यह घटना नारायणगढ़ थाना एरिया की 27/28 मार्च रात 1 बजे की है। अब, नारायणगढ़ थाने की पुलिस ने एसडीएम के सिक्योरिटी गार्ड की शिकायत पर इनोवा गाड़ी के मालिक और ड्राइवर के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### नारायणगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज



एसडीएम और गाड़ी में सवार सभी लोग बाल-बाल बचे, इनोवा में कई लोग सवार थे

#### यह है मामला

एसडीएम यश जालूका अपने सुरक्षाकर्मी जसबीर सिंह, ड्राइवर सुखदेव सिंह और अभिषेक पिलानिया के साथ अपनी प्राइवेट गाड़ी से 27/28 मार्च की रात एक बजे अवैध खनन का जायजा लेने गश्त कर रहे थे। तभी एक संदिग्ध इनोवा गाड़ी दिखाई दी, जिसका उन्होंने पीछा किया। गांव टोका साहिब गुरुद्वारा के पुल के पास इनोवा गाड़ी को रोकने की कोशिश की गई। इस दौरान खनन माफिया की इनोवा गाड़ी ने तेज रफ्तार में कट करते हुए एसडीएम की गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की। इसके बाद आरोपित ड्राइवर गाड़ी को भगाकर ले गया। वे पीछा करते रहे आरोपित ने अपनी गाड़ी झीड़ीवाला नदी की तरफ उतार ली। उन्होंने चालक को बुलाने का प्रयास किया, लेकिन उसने दोबारा टक्कर मारने का प्रयास किया। एसडीएम व गाड़ी में सवार सभी लोग बाल-बाल बचे। इनोवा में कई लोग सवार थे।

# किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट के तार नेपाल व कंबोडिया से भी जुड़े

- एसीबी को मिले इन देशों के नागरिकों के दस्तावेज
- मास्टरमाइंड मुर्तुजा अंसारी के हरियाणा में छिपे होने का शक

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** गुरुग्राम के किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट मामले में रविवार को बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को इस केस के तार नेपाल-कंबोडिया से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। एसीबी को नेपाल और कंबोडिया के लोगों के भी डॉक्यूमेंट मिले हैं। माना जा रहा है कि आरोपितों ने इन देशों के गरीब लोगों को भी निशाना बनाया है। वहीं, किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का मास्टरमाइंड मोहम्मद मुर्तुजा अंसारी अभी भी फरार है। एसीबी को शक है कि वह हरियाणा में ही कही छिपा हुआ है। उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



#### अब तक तीन गिरफ्तार

जांच में पता चला कि मोहम्मद मुर्तुजा अंसारी रांची से जुड़ा था। उसने किडनी प्रत्यारोपण के अवैध व्यापार में जाने से पहले दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इंटरप्रेटर के रूप में अपना करियर शुरू किया था। तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद इस रैकेट का खुलासा हुआ है।

#### कई बड़े अस्पतालों के अफसर शामिल

पकड़े गए लोगों में दिल्ली, राजस्थान और गुरुग्राम के कई बड़े अस्पतालों के अधिकारी शामिल हैं। इन पर एनओसी जारी करने के लिए रिश्वत लेने का संदेह था।

#### पांच बांग्लादेशी नागरिक मिले

जांच टीम को 5 बांग्लादेशी नागरिक मिले जो किडनी के दाता व प्राप्तकर्ता थे। मास्टरमाइंड ने इनकी मदद की थी। एक अधिकारी ने बताया कि जांच से संकेत मिले हैं कि रैकेट का सरगना गरीब और कर्ज में डूबे लोगों को बांग्लादेश, नेपाल और कंबोडिया से गुरुग्राम लाता था। बाद में जयपुर में किडनी प्रत्यारोपण होता थी। अंसारी की राजस्थान के 10 और मुंबई के दो अस्पतालों में साठगांठ थी।

## रील बनाने के चक्कर में गैस सिलेंडर में धमाका, 1 की मौत

**कानपुर (एजेंसी)।** बिल्हौर में एक अंडे की दुकान में रखे गैस सिलेंडर में आग लग गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद दो युवक आग बुझाने के बदले जलते हुए सिलेंडर और दुकान में लगी आग की रील बनाने लगे। तभी गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। धमाके से वहां मौजूद चार लोग घायल हो गए। सिलेंडर का एक टुकड़ा निखिल नामक युवक के सिर में जा घुसा और उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि सिलेंडर में आग लगी थी। उससे महज 50 मीटर की दूरी पर खड़ा होकर दोनों युवक रील्स बना रहे थे और कुछ और लोग इस तमाशे को देख रहे थे।

चार लोग घायल, कानपुर में हुआ भयंकर हादसा

## चारधाम यात्रा के लिए आज से करा सकेंगे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली (भाषा)।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बड़ा अपडेट सामने आया है। यूपी, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों से केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों पर जाने वाले यात्री अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को 8 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू होने जा रही है। आपको बता दें कि कि सरकार की ओर से किसी भी यात्री को पंजीकरण के बिना चार धाम पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस बार बिना पंजीकरण नहीं कर सकेंगे यात्रा

## बंगाल के मेदिनीपुर में एनआईए टीम पर एफआईआर दर्ज

**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर से गिरफ्तार टीएमसी नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि शुक्रवार देर रात एनआईए की टीम ने जांच के बहाने जबरन उनके घर में घुसने की कोशिश की। महिला ने अधिकारियों पर मारपीट, बदतमीजी और घर में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। अधिकारियों के खिलाफ भूपतिनगर पुलिस थाने में धारा 325, 34, 354, 354(बी), 427, 448, 509 के तहत शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

#### एनआईए ने आरोपों का खंडन किया

एनआईए ने सभी आरोपों का खंडन किया है। जांच एजेंसी ने रविवार को बताया कि उन्होंने कोई गैरकानूनी कार्रवाई नहीं की। एजेंसी कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर भूपतिनगर में 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने पहुंची थी। भूपतिनगर में लोगों ने टीएमसी नेता की गिरफ्तारी के विरोध में एनआईए की गाड़ी पर पथराव किया था। अधिकारियों पर हमला किया था।

## बड़ा फैसला : राज्य बदलने पर प्राइवेट नौकरी वालों के बच्चों को नहीं मिलेगा ट्रांसफर

*दाखिले के लिए 15 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन अधिसूचना में 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए*

# केंद्रीय विद्यालय की हर कक्षा में आठ-आठ सीटें घटाईं!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय विद्यालय (केवि) ने इस बार हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। केवि की ओर से जारी दाखिला अधिसूचना में हर कक्षा में 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए हैं। अभी तक प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक हर क्लास में 40-40 सीटें होती थीं। वहीं, बच्चों की ट्रांसफर पॉलिसी में भी बदलाव किया है। प्राइवेट सेक टर की नौकरी कर रहे अभिभवकों का राज्य के बाहर ट्रांसफर होने पर बच्चों को दूसरे राज्य के स्कूल में ट्रांसफर नहीं मिल सकेगा। केंद्रीय विद्यालयों में हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। ऐसे में सीटें घटने से छात्रों और पेरेंट्स दोनों की मुश्किलें बढ़ेंगी। हालांकि सरकारी नौकरी वालों को ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ पहले की तरह ही मिलता रहेगा।




#### यह बनाया आधार

जानकारों का कहना है कि केवि में अधिक संख्या में छात्र होने से उन पर पूरी तरह ध्यान दे पाना संभव नहीं होता और उनकी क्षमता घट जाती है। इसलिए सीटों में कटौती की गई है। हालांकि छात्रों और परिजनों में केवि के इस फैसले से निराशा है।

#### 15 अप्रैल तक करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

- केवि में क्लास 1 में एडमिशन का लिंक 1 अप्रैल से लाइव है। एडमिशन के लिए 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। सिलेक टेड स टूडेंट्स की पहली लिस ट 19 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद 29 अप्रैल और 8 मई को दूसरी और तीसरी लिस्ट जारी की जाएगी।
- बाकी कक्षाओं के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। इन कक्षाओं की लिस ट 15 अप्रैल को जारी की जाएगी। इस आधार पर 16 से 29 अप्रैल तक एडमिशन होंगे। एडमिशन की लास ट डेट 29 जून है।
- ऑनलाइन आवेदन ऑफिशियल वेबसाइट **kvsonlineadmission.kvs.gov.in** से करें।

**रिजल्ट के बाद 11वीं में दाखिले :** केवि कक्षा 11 में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 10वीं बोर्ड रिजल्ट घोषित होने के 10 दिन बाद शुरू होगा। वेबसाइट **kvsangathan.nic.in** पर जारी नोटिफिकेशन चेक कर सकते हैं।

## मौसम के रंग : आईएमडी का दावा : 10 अप्रैल तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम

*महापात्रा बोले, मौसम के अनुमान के लिए एआई का इस्तेमाल शुरू, सटीक जानकारी मिलेगी*

# 14 राज्यों में बारिश, 8 में हीट वेव, लद्दाख में 80 लोग बचाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में रविवार को मौसम के कई रंग देखने को मिले। जहां 14 राज्यों में कहीं से मध्यम दर्जे की बारिश हुई, करीब आठ राज्यों में हीटवेव चलीं। वहीं, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी हुई। लद्दाख में बर्फबारी में फंसे 80 लोगों को सेना ने सुरक्षित बाहर निकाला। दूसरी तरफ, केंद्रीय मौसम विभाग (आईएमडी) का कहना है कि देश में 10 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। कहीं, बारिश तो कहीं हीटवेव चलेंगी। इसके बाद गर्मी चरम पर होगी। भीषण लू लोगों को परेशान करेंगी।

#### यहां बारिश

रविवार को मध्य प्रदेश में देर शाम करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश दर्ज की गई।

#### यहां हीटवेव

देश के 8 राज्यों गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लू का असर रहा। इन राज्यों का तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री तापमान आंध्र प्रदेश के नंदयाल में रिकॉर्ड किया गया।



#### लद्दाख में ये हाल

लद्दाख के चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे महिलाओं और बच्चों समेत 80 लोगों को सेना ने बचाया। सेना के लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने कहा कि आधी रात के ऑपरेशन को त्रिशूल डिवीजन के सैनिकों ने अंजाम दिया।

**क्या कहता है आईएमडी :** मौसम विभाग (आईएमडी) प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मौसम के अनुमान को और बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।अगले पांच साल के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीक में काफी सुधार करेगा। मौसम का सटीक अनुमान पता चलेगा।




गरमाया मुद्दा

# खेमका के वार पर वर्मा के पलटवार से फिर चर्चा में वाड्रा-डीएलएफ लैंड डील

## 2014 के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार के भ्रष्टाचार में बड़ा मुद्दा रहे डीएलएफ-वाड्रा लैंड डील का जिन्न 2024 के चुनाव में फिर बोतल से बाहर आने को आतुर।

*आईएएस खेमका ने इस मामले में एक्स पर लिखा शासक की ऐसी क्या मजबूरी, पापियों की मौज शब्द लिखकर तंज कसा। आईएएस वर्मा ने एक्स पर अपने दोष छिपा रहे का सवाल पोस्ट से लिखकर इसकी स्क्रिप्ट लिख दी है।*

मोहन भारद्वाज ⏭ रोहतक

हरियाणा में माटी की खुशबू में कुछ खास है, शायद यही कारण है कि देश से विदेश तक हर क्षेत्र में इस माटी की महक आती है। 140 करोड़ की आबादी वाले देश की राजनीति में महज ढाई करोड़ आबादी वाले प्रदेश का अहम रोल रहता है। देश की सुरक्षा, खेल, खेत खलियान, आंतरिक्ष व विज्ञान ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जहां हरियाणा ने अपना दमखम नहीं दिखाया हो। नरेंद्र मोदी को 2014 में देश के शीर्ष पद पर पहुंचाने में हरियाणा का अहम योगदान रहा था। कारण 2014 के चुनाव से पहले भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव अभियान का आगाज इसी प्रदेश की धरती रेवाड़ी से किया था। 2024 के चुनाव में गुरुग्राम की वाड्रा-डीएलएफ लैंड डील का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ सकता है। आईएएस अशोक खेमका व वर्मा ने एक्स पर एक दूसरे पर वार पलटवार कर इसकी स्क्रिप्ट तैयार कर दी है। राबर्ट वाड्रा के अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने की चचाओं के बीच यह मामला और खास होता दिख रहा है।

इस चुनाव में नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को देश की सत्ता से बाहर करने के लिए कांग्रेस के जिस भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया था, जिसमें हरियाणा के गुरुग्राम में डीएलएफ- राबर्ड वाड्रा लैंड डील का मामला प्रमुख था।

### खेमका ने ये लिखा



2024 के चुनाव से पहले आईएएस अशोक खेमका ने एक्स पर लिखा 'वाड्रा-डीएलएफ सौदे की जांच सुस्त क्यों? दस साल हो गए। और कितनी प्रतीक्षा। ढींगरा आयोग की रिपोर्ट भी ठंडे बस्ते में। पापियों की मौज। शासक की मंशा कमजोर क्यों? प्रधानमंत्री जी का देश को वर्ष 2014 में दिया गया वचन एक बार ध्यान तो किया जाए।

### वर्मा ने क्या लिखा



आईएएस संजीव वर्मा ने x पर खेमका के सवाल का जवाब कुछ ऐसे दिया। लोग अपने दोष छिपाने के लिए दूसरों के पाप गिनवाने लगते हैं। ये भूलकर कि ऐसा करने से वो खुद पवित्र या निर्दोष नहीं हो जाते। यहां यह बात दें कि इन अधिकारियों में लंबे समय से खींचतान चली आ रही है। खेमका के बाद संजीव वर्मा के बीज विकास निगम में आने के बाद दोनों का विवाद सार्वजनिक हुआ था। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दी थी।

### आईएएस के आमने सामने आने से मिली हवा

2024 लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद इस मामले को उजागर करने वाले आईएएस अशोक खेमका ने डीएलएफ-वाड्रा लैंड डील का जिक्र करते हुए X पर शासक की मंशा कमजोर चार शब्द लिखकर फिर से इस मामले को हवा दे दी है। पोस्ट सामने आने के बाद 24 घंटे के बीतने से पहले आईएएस संजीव वर्मा ने भी X पर अपने दोष छिपा रहे उतने ही शब्दों से खेमका पर पलटवार कर इसे और भड़का दिया है। जिससे आने वाले दिनों में एक दूसरे के विरोधी रहे अफसरों में वार पलटवार देखने को मिल सकता है। जिस पर अब सभी की निगाहें लगी रहेंगी।

पूरी खबर की जानकारी के लिए स्केन करें


### डीएलएफ-वाड्रा लैंड डील

गुरुग्राम के गांव शिखोहपुर में रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ व प्रियंका गांधी के पति राबर्ड वाड्रा के बीच 3.53 एकड़ जमीन का सौदा हुआ था। वाड्रा की स्काई लाइट हॉस्पिटेलिटी कंपनी ने यह 3.53 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ में खरीदी और डीएलएफ को 58 करोड़ में बेचख दी। जिसकी रजिस्ट्री को आईएएस खेमका ने रद कर दिया था। इस मामले में हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम भी आया था। जिसकी वित्तिय लेनदेन को लेकर सरकार ने एसआईटी गठित की थी तथा 2014 के चुनाव में नरेंद्र मोदी व भाजपा ने इसे गांधी परिवार से जोड़कर भ्रष्टाचार का बड़ा मुद्दा बनाया था।

---

सियासी हलचल

## कांग्रेस लीडर हार के भय से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं



**रोहतक/चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोहतक में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस का तो नेतृत्व ही भ्रष्टाचारी है और अब कांग्रेस में हार के डर से कोई भी नेता चुनावी मैदान में उतरने को तैयार नहीं है। पूर्व सीएम मनोहर लाल रविवार को रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय मंगल कमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर भी मौजूद रहे।पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा की लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और पार्टी ने चुनावी अभियान भी चलाया हुआ है। लोकसभा और विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालय खोले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यकर्ताओं से लेकर पन्ना प्रमुखों तक की बैठकें भी संपन्न हो चुकी है।

फोटो ऑफ द डे



चुनाव प्रचार के दौरान कार्यकर्ता का सम्मान करते कुरुक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल।

---

कुल मतदाताओं में 47.06 प्रतिशत महिलाओं की हिस्सेदारी

# रोहतक में नारी शक्ति की चाबी से खुलेगा ताला

### रोहतक लोकसभा क्षेत्र की नौ विधानसभा सीटों पर 877215 महिला मतदाता

### मतदाताओं की सख्या में होगा इजाफा 26 अप्रैल तक बनवा सकेंगे वोट

तपस्वी शर्मा ⏭ झज्जर

लोकसभा चुनाव में आधी आबादी प्रत्याशियों की हार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी इसे बखूबी समझ रहे है और महिला वोटरों को साधने में जुट गए है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र की नौ विधानसभा सीटों पर 877215 महिला वोटर है। जोकि कुल मतदाता संख्या 1864021 का 47.06 प्रतिशत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला विधेयक लागू करके महिलाओं के उत्साह का दोगुना कर दिया है। हालांकि यह आरक्षण इस चुनाव में लागू नहीं होगा। फिर भी अपना मत बनवाने के लिए महिलाएं आगे आ रही है। हालांकि अभी तक के मतदाताओं की संख्या में इजाफा होगा, क्यूंकि 26 अप्रैल तक लोग अपना नया वोट बनवा सकते हैं। मतदाताओं की फाइनल सूची 26 अप्रैल के बाद ही जारी की जाएगी।

- **लोकसभा क्षेत्र में झज्जर, बेरी, बादली, बहादुरगढ़, कोसली, रोहतक, कलानौर, महम, गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा शामिल**

रोहतक लोकसभा क्षेत्र में नौ विधानसभा सीटें है। जिसमें झज्जर, बेरी, बादली, बहादुरगढ़, कोसली, रोहतक, कलानौर, महम, गढ़ी सांपला कलोई शामिल हैं। झज्जर विधानसभा में कुल मतदाता 187562 है, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 89308 है। बेरी विधानसभा में कुल मतदाता 182169 है, जिनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 84928 है। वहीं बहादुरगढ़ विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 237832 है, जिनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 110719 है। इसके अलावा बादली विधानसभा में कुल मतदाता 186805 है, जिनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 88178 है। कोसली विधानसभा में कुल मतदाता 246432 है, जिनमें से 117654 महिला मतदाता है। उधर, रोहतक विधान सभा में कुल मतदाता 196787 है, जिनमें से महिला मतदाता 95014 है। महम विधानसभा में कुल मतदाता 195340 हैं, जिनमें से महिला मतदाता 90719 है।



### कलानौर में 99411 महिला मतदाता

कलानौर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 212643 है, जिनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 99411 है। इसके अलावा गढ़ी सांपला किलाई में कुल मतदाताओं की संख्या 218451 हैं, जिनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 101284 है। रोहतक लोकसभा की कुल मतदाताओं की संख्या में 47.06 प्रतिशत आधी आबादी के मत है। कुल मिलाकर यह कहना भी अतिश्योक्ति नहीं होगा की प्रत्याशी की हार-जीत में आधी आबादी अहम भूमिका निभाएंगी।

---

गुरुग्राम

## परिसीमन से पहले बदलते रहे चेहरे, बाद में 'राव' का रहा एकछत्र राज



ठाकुर दास भार्गव



अब्दुल कलाम आजाद।



तैय्यब हुसैन



राव इंद्रजीत सिंह

नरेन्द्र वत्स ⏭ रेवाड़ी

वर्ष 1977 में लोकसभा क्षेत्र खत्म होने से पहले गुरुग्राम में किसी भी प्रत्याशी को दूसरी बार सांसद बनने का मौके नहीं मिला। वर्ष 2008 में एक बार फिर से अस्तित्व में आई गुरुग्राम लोकसभा सीट पर राव इंद्रजीत सिंह पार्टी बदलने के बाद भी लगातार तीन बार सांसद बने हैं। कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा में देरी के कारण इस बार कांग्रेस प्रचार अभियान में पिछड़ती जा रही है, जिससे भाजपा प्रत्याशी का पाला मजबूत बनता नजर आ रहा है। आजादी के बाद देश के पहले आम चुनावों के दौरान गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर दास भार्गव पहले सांसद बने थे। वर्ष 1957 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने उनके स्थान पर मुस्लिम प्रत्याशी अब्दुल कलाम आजद को मैदान में उतारा था, जिन्होंने इस सीट पर जीत हासिल की थी। वर्ष 1958 के मध्यावधि चुनावों में मूल रूप से यूपी से संबंध रखने वाले प्रख्यात आर्य समाजी ओमप्रकाश त्यागी उर्फ प्रकाशवीर शास्त्री ने गुरूग्राम से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था। इस प्रभावशाली नेता को कांग्रेस को मात देते हुए इस सीट से सांसद बनने का मौका मिला था। वर्ष 1962 में गुरूग्राम सीट पर कांग्रेस ने फिर से वापसी की। इस सीट पर पहली बार अहीर नेता के रूप में गजराज सिंह यादव ने कांग्रेस की टिकट पर जीत दर्ज की थी। वर्ष 1967 में मुस्लिम नेता अब्दुल गनी डार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल करने में सफलता पाई थी। पुराने परिसीमन के अंतिम चुनाव में वर्ष 1971 में कांग्रेस के तैय्यब हुसैन गुरूग्राम से सांसद बने थे। इस सीट पर गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र टूटने से पहले किसी भी प्रत्याशी को दूसरी बार जीत दर्ज करने का मौका नहीं मिला था।

- **वर्ष 1977 तक किसी प्रत्याशी को नहीं मिली दूसरी बार जीत**
- **राव को परिसीमन के बाद नहीं करना पड़ा हार का सामना**

### 1977 में परिसीमन

वर्ष 1977 के परिसीमन में गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र टूट गया था। इसके बाद वर्ष 2008 में यह हलका फिर से अस्तित्व में आया। वर्ष 2009 में यह सीट कांग्रेस के नाम रही। राव इंद्रजीत सिंह ने इस सीट पर 36.83 फीसदी मतों के साथ जीत हासिल की थी। इसके बाद राव के लिए यह सीट 'घरेलू' बन चुकी है। वर्ष 2013 में कांग्रेस छोड़ने के बाद भाजपा में आए राव ने इस सीट पर हार का सामना नहीं करना पड़ा है। उनका वोट प्रतिशत हर चुनाव में बढ़ा है। पिछले चुनावों में वोट प्रतिशत 67 फीसदी से ज्यादा पहुंच गया था।

### कांग्रेस का उत्साह गायब

कांग्रेस पार्टी को इस सीट पर सर्वाधिक चार बार सांसद मिले हैं। इस बार पार्टी में प्रत्याशियों का चयन करना हाईकमान के लिए मुश्किल बना हुआ है। टिकट के लिए पार्टी में मारामारी की बजाय खामोशी का माहौल बना हुआ है। चुनाव प्रचार में कांग्रेस पिछड़ रही है। टिकट की उम्मीद रखने वाले दिग्गज नेताओं में भी अब दिलचस्पी कम हो चुकी है। नए चेहरे राजनीतिक गलियारों में पहचान स्थापित करने के लिए ही टिकट मिलने का इंतजार कर रहे हैं। देखना यह है कि इस सीट पर पार्टी आखिर किस नेता पर दांव खेलती है।

---

## कांग्रेस के पास कोई नीति और कोई विजन नही : सुदेश कटारिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा ने कहा है कि चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस के पास कोई नीति और कोई विजन नहीं है। कांग्रेस को स्वयं नहीं पता कि वह देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है। उसका एकमात्र एजेंडा यही है कि किसी भी तरह देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विरोध किया जाए। भाजपा का आम कार्यकर्ता कांग्रेस को अपने इन मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया कार्डिनेटर सुदेश कटारिया ने रविवार को चंडीगढ़ में कहा कि अकेले भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसने राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। भाजपा अपने विजन और उद्देश्य को लेकर स्पष्ट है। कांग्रेस समेत सभी विरोधी राजनीतिक दलों को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। वह इंतजार कर रहे हैं कि किसे चुनाव लड़वाया जाए। जिसे तैयार करते हैं, वही बाद में चुनाव लड़ने से मना कर देता है।

---

# संविधान बदलने की रची जा रही साजिश : सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

चंदाना गेट स्थित रामलीला ग्राउंड में आज बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 134वें जन्मोत्सव पर संविधान बचाओ-आरक्षण बचाओ और गरीब बचाओ सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रगतिशील मंच के प्रधान सोनू मचल द्वारा की गई। सम्मेलन में लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विशिष्ट अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता ने शिरकत की।

- **सामाजिक न्याय के हनन के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे**



संविधान के शिल्पकार व हमारे प्रेरणास्त्रोत, बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की आने वाली 134वीं जयंती पर आज कैथल में संविधान बचाओ गरीब बचाओ रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सुरजेवाला ने कहा कि मोदी व खट्टर-सैनी सरकारें बाबा साहेब के भारत के अधिकारों पर षड्यंत्रकारी हमला बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद, अनंत कुमार हेगड़े ने हाल में कहा कि भाजपा 400 पार की बात इस लिए कर रही है क्योंकि बाबासाहेब व कांग्रेस द्वारा बनाया संविधान बदल सके। राजस्थान के नागौर की भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा कहती हैं कि कुछ कड़े फैसले लेने के लिए संविधान में बदलाव जरूरी है। ये भाजपा एवं संघ परिवार के संविधान विरोधी भावना को दिखाता है।

---

खटास

एक बार फिर सामने आई पार्टी की गुटबाजी, राव ने भी नहीं दिया विरोधियों को भाव

# पहली वर्कर मीटिंग से दिग्गजों का किनारा भाजपा कार्यालय में नहीं पहुंचे वरिष्ठ नेता

*राव इंद्रजीत सिंह के पार्टी में शामिल होने के बाद से ही पुराने नेताओं का एक खेमा लगातार दूरी बनाए हुए*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह भाजपा कार्यालय में रविवार को हुई पहली चुनावी वर्कर मीटिंग से पार्टी के कई दिग्गज नेता किनारा कर गए। हालांकि जिलाध्यक्ष ने मीटिंग में नहीं आने वाले नेताओं के शहर से बाहर होने की बात करते हुए स्थिति संभालने का प्रयास किया, परंतु वास्तव में राव से दूरी रखने वाले नेता बिन बुलाए साथ निभाने को तैयार नहीं हैं।

राव इंद्रजीत सिंह के भाजपा में शामिल होने के बाद से ही पुराने भाजपा नेताओं का एक खेमा उनसे लगातार दूरी बनाए हुए है। इस खेमे का भले ही गत लोकसभा चुनावों में विरोध का जोर नजर नहीं आया हो, परंतु गत विधानसभा चुनावों में रेवाड़ी से पार्टी प्रत्याशी की हार इसका सबसे बड़ा कारण बनी थी। विधानसभा चुनावों के दौरान रणधीर सिंह कापड़ीवास ने राव के साथ-साथ भाजपा से भी बगावत करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक दी थी। तीसरे नंबर पर रहते हुए उन्होंने राव समर्थित सुनील मुसेपुर की संभावित जीत को हार में बदल दिया था। चुनावों के बाद राव और डा. अरविंद यादव के बीच भी छत्तीस का आंकड़ा बन गया था। कुछ समय पूर्व ही डा. अरविंद यादव ने एक ओर जहां टिकट मिलने पर खुद चुनाव लड़ने की बात कही थी, तो दूसरी ओर पार्टी की टिकट मिलने वाले प्रत्याशी का खुलकर साथ देने के संकेत दिए थे। भाजपा से निष्कासित किए गए कापड़ीवास व पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव को पूर्व सीएम मनोहरलाल पहले ही भाजपा ज्वाइन करा चुके हैं। उनके भतीजे मुकेश कापड़ीवास को गुरूग्राम में यूथ की कमान सौंपकर प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी दी गई है। राव की जिला कार्यालय में हुई पहली मीटिंग में इन नेताओं और उनके समर्थकों ने शिरकत नहीं की। मुकेश कापड़ीवास ने बताया कि पार्टी ने उन्हें कोई और जिम्मेदारी सौंपी हुई है, जिस पर वह काम कर रहे हैं। बाद में पत्रकारों से बातचीत में राव इंद्रजीत सिंह ने स्पष्ट किया यह चुनाव उनका नहीं, बल्कि पीएम मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने का है। मोदी को एक बार फिर से पीएम बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर पार्टी के कार्य करना होगा। चुनाव प्रचार के लिए साथ आने वालों का वह स्वागत करेंगे।

### मेवात में बड़े बदलाव की उम्मीद

राव ने हाल ही में उस मेवात क्षेत्र में वर्करों की मीटिंग ली थी, जहां से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है। राव ने स्पष्ट किया कि वह धर्म या जाति की राजनीति नहीं करते। इस बार मेवात के लोगों में उनके प्रति सोच बदली हुई नजर आ रही है। वहां के लोग इस बार उन्हें मेवात की तीनों सीटों पर जीत दिलाने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। मेवात के लोगों का खुलकर साथ मिला, तो इस बार परिणाम काफी अलग देखने को मिलेगा।

---


## आईटीबीपी के जवानों ने किया फ्लैग मार्च




**फरीदाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

फरीदाबाद। चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था काम रखना के लिए जागरूक किया। इस फ्लैग मार्च में एसीपी मुजेसर महेश श्योराण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**मतदान के लिए किया जागरूक :** पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा आइटीबीपी की कंपनी के साथ मिलकर विभन्नि एरिया में जाकर वहां पर रहने वाले लोगों को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया इसी के तहत पुलिस तथा आइटीबीपी द्वारा सेक्टर 58 से फ्लैग मार्च शुरू करके सीकरी, नंगला, भनकपुर, लतिफपुर, कबूलपुर व अन्य जगह मार्च किया।



भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India
#IVoteForSure
#MeraVoteDeshKeLiye
iOS Android
जागरुक रहें। जानकार बनें।
वोटर हेल्पलाइन ऐप, एक मतदाता गाइड - जो दे चुनाव संबंधित सभी जानकारियाँ ! आज ही QR कोड स्कैन कर डाउनलोड करें!
आयुष्मान खुराना
अभिनेता
चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024
CBC 52101/13/0005/2425



## खबर संक्षेप

### ज्योतिबा फुले का जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत

**चंडीगढ़।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में बोलते हुए पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि देश में गरीबों का भला चाहने वाले बिरला ही पैदा होते हैं। जिस समय महिलाओं की शिक्षा का विरोध हुआ करता था तब महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रि फुले ने शिक्षा की अलख जगाई थी। समाज सुधारक, लेखक, समाज को नई दिशा देने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जैसे व्यक्तित्व की गाथा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग, दो पर केस

**कुंड।** जिले के गांव धवना में रविवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर चली आ रही रंजिश में कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी। गोलियां वहां खड़ी एक टाटा ऐश गाड़ी में लगी। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर ठगी चार काबू

**गुरुग्राम।** साइबर थाना पुलिस ने मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जानकार बनकर सेक्टर-56 स्थित एक मकान में अवैध कॉल सेंटर चलाकर लोगों से ठगी कर रहे थे। लोगों से ठगी राशि को आरोपी राजस्थान के विभिन्नि खातों में ट्रांसफर करते। वहां से उनका जानकार 30 प्रतिशत कमीशन काट कर ठगी के रुपए इनको सौंप देता। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी।

### चार महिला सहित 134 वाहन चालकों के चालान

**गुरुग्राम।** डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज की देखरेख में ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने रात्रि को शराब का सेवन करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने सख्ती से कार्यवाही करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने पर चार महिला सहित 134 वाहन चालकों के चालान किए।

### सेफ सिटी कैंपेन, दो को सिखाया सबक

**गुरुग्राम।** डीजीपी शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार महिलाओं की सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ सिटी कैम्पेन में गुरुग्राम पुलिस ने दो मनचलों को सबक सिखाया। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा, डीसीपी ट्रैफिक विरेन्द्र विज के नर्दिशन में कार्य करते हुए महिला थाना वेस्ट की प्रभारी इंस्पेक्टर नेहा राठी की पुलिस टीम ने इफ्को चौक के निकट से दो मनचलों को काबू किया। मनचले गौरव व विक्की के परिजनों को बुलाया।

---

टोहाना रैली में मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिए जीत के टिप्स

# डबल इंजन की सरकार देश और प्रदेश में बहा रही विकास की गंगा

■ सिरसा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में मांगे वोट

**देश को गरीबी से उबारने व मुख्य धारा में लाने को पीएम ने अभूतपूर्व काम किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/टोहाना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने देश और प्रदेश में जो विकास की गंगा बहाई है, उसका हर भारतीय पूरा लाभ ले रहा है। देश को गरीबी से उबारने और मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री ने अभूतपूर्व काम किया है। मुख्यमंत्री रविवार को टोहाना की अनाज मंडी में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अशोक तंवर के रूप में एक नायाब उम्मीदवार आपके बीच में भेजा है। उन्होंने सांसद रहते सिरसा लोकसभा में जो काम किए, वे ऐतिहासिक हैं। आगे भी जीतकर जाएंगे तो और दिल खोलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल की सरकार के दौरान अभूतपूर्व विकास कार्य हुए। जनता को सीधे लाभ देने के लिए उनके नेतृत्व में सरकार ने प्रयास किए। आगे भी हरियाणा प्रदेश में विकास का फायदा आप सभी को मिलता रहे।



**टोहाना।** विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते सीएम नायब सिंह सैनी व उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

### ज्योतिबा फुले के आदर्शों को अपनाने की जरूरत

**कुरुक्षेत्र।** सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर डबल इंजन की सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओ को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। मुख्यमंत्री रविवार को सैनी समाज सभा की तरफ से कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती एवं नागरिक अभिनंदन को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे।

### दसों लोकसभा सीटों पर विजयश्री दिलाकर भेंजे

सीएम ने कहा कि पूरे हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर विजयश्री दिलाकर भेंजे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के रास्तों पर कदम बढ़ाए हैं। आगे भी बहुत काम होना है जिसमें हमारे भाई-बहनों ने अपना पूरा सहयोग देना है।

### विरोध करने पहुंचे किसानों को हिरासत में लिया

**भूना।** सीएम नायब सिंह सैनी रविवार की दोपहर बाद टोहाना में एक जनसभा करने पहुंचे लेकिन मुख्यमंत्री के पहुंचने से पहले ही विरोध करने आए पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन से जुड़े लोगों ने सीएम से 18 सवालों के जवाब लेने और विरोध प्रदर्शन करके काले झंडे दिखाने के लिए पहुंचे। किसानों ने टोहाना में अनाज मंडी के पास रेलवे रोड पर डाकघर के समीप एकत्र होकर नारेबाजी की, वहीं भारी संख्या में पहुंची पुलिस ने सभी किसानों को अपनी हिरासत में ले लिया। इस दौरान लगभग 150 किसानों को पुलिस बसों के माध्यम से अपनी हिरासत में लेकर उन्हें साथ लगते क्षेत्रों के थानों में बंद कर दिया। किसानों का कहना है कि भाजपा के प्रत्याशी और सीएम जहां जाएंगे, वे उनसे 18 सवाल जरूर पूछेंगे।

---

भाजपा विधायकों को आज रात्रि भोज पर बुलाया

## लोस चुनाव की चुनौतियों पर होगा चिंतन-मंथन

■ मनोहर देंगे विधायकों और भाजपा नेताओं को जीत का मंत्र, विपक्ष की अफवाहों से निपटने की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

लोकसभा मिशन- 2024 में फ़तेह पाने की मुहिम में जुटे भाजपा के सियासी दिग्गज अब विपक्षी दलों द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों से निपटने की तैयारी कर ली है। यहां तक की पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने साफ कर दिया है कि इस तरह के तत्वों से भाजपा का कार्यकर्ता घबराने वाला नहीं है। लोकसभा भाजपा के प्रत्याशी बदले जाने जैसी अफवाहों से निपटने के लिए भी भाजपा के सियासी दिग्गज तैयारी में जुटे हैं। इस क्रम में पूर्व सीएम सोमवार को भाजपा विधायकों को रात्रि भोज पर विजय का मंत्र देंगे साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों से निपटने की खास तैयारी में भी हैं।

### विस में जनसभा की तैयारी

हरियाणा भारतीय जनता पार्टी सबसे पहले 40 उन विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा करने की तैयारी में जुटी है, जहां-जहां पर जनता ने भाजपा के प्रतिनिधियों को जिताकर विधानसभा में भेजा था। इन क्षेत्रों में जनसभा के लिए ही सभी विधायकों और मंत्रियों को रात्रि भोज पर बुलावा भेजा है। विपक्ष द्वारा प्रत्याशी बदले जाने की चर्चाओं को हवा देने और कईं स्थानों पर हो रहे उम्मीदवारों के विरोध को लेकर भी भाजपा नेता और पूर्व सीएम मनोहरलाल, वर्तमान सीएम नायब सैनी तमाम भाजपा के सियासी दिग्गज आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। इस दौरान सभी नेताओं से पूरे प्रदेश का फीडबैक लिया जाएगा।

### निर्दलीय विधायकों को फिलहाल सूचना नहीं

राज्य की नायब सैनी सरकार के समर्थन में खड़े निर्दलीय विधायकों को फिलहाल, रात्रि भोज और चिंतन मंथन बैठक के लिए न्योता नहीं भेजा गया है। इस कारण से निर्दलीय नाराजगी भी दिखा रहे हैं, साथ ही आपस में चर्चा में जुटे हुए हैं।

### 25 अप्रैल से 6 मई तक जनसभा नहीं

दस दिनों में भारतीय जनता पार्टी गेहूं के सीजन के चलते जनसभाएं नहीं करेगी और 25 अप्रैल से 6 मई है। तक बाकी विधानसभाओं में जनसभा होंगी। नामांकन भरने के बाद केंद्रीय नेताओं की प्रदेश में जनसभाएं होंगी।

---

### कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र ऐतिहासिक

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को घोषित कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र अर्थात किसान न्याय पत्र भारतीय राजनीतिक व सामाजिक इतिहास में गुणात्मक परिवर्तन लाने वाला एक ऐतिहासिक दस्तावेज है जिसके बेहतर दूरगामी सुपरिणाम आमजन के हित में आने तय है। विद्रोही ने कहा कि मोदी-भाजपा कभी आमजन की बात सुनते नहीं है अपितु अपने मन की बात ही लोगों पर थोपते है। जबकि कांग्रेस का न्याय पत्र आमजन की आवाज है।

कुमारी सैलजा ने लगाया आरोप

## रोडवेज की दो सेंट्रल वर्कशॉप बंद करने की तैयारी में सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य सैलजा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार हरियाणा रोडवेज की दोनों सेंट्रल वर्कशॉप को बंद करने की तैयार कर चुकी है। जबकि, हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचआरईसी) गुरुग्राम को बंद करने का षड्यंत्र काफी पहले ही शुरू किया जा चुका है। सरकार का मकसद प्रदेश की सुदृढ़ परिवहन सेवाओं का हर स्तर पर निजीकरण करना है, इसलिए ही बसों के परमिट निजी हाथों में देने की कार्रवाई भी समय-समय पर चलती रहती है। सैलजा ने कहा कि एचआरईसी गुरुग्राम में बसों की बॉडी बनती थी। यहां सिर्फ हरियाणा रोडवेज के लिए ही चेसिज पर बॉडी नहीं बनाई जाती थी।

### विपक्षी दलों के पास चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया कार्डिनेटर सुदेश कटारिया ने ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर सवाल खड़े किए हैं। चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस के पास कोई नीति और कोई विजन नहीं है। कांग्रेस को स्वयं नहीं पता कि वह देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है। उसका एकमात्र एजेंडा यही है कि किसी भी तरह देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विरोध किया जाए। भाजपा का आम कार्यकर्ता कांग्रेस को अपने इन मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगा।

*पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पार्टी पर बोला हमला*

## अनुच्छेद 370 हटाने के लिए धड़ की बाजी लगाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



भगवंत मान को संविधान को रौंदने वाली कांग्रेस पार्टी नजर नहीं आती

हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अंबाला छावनी के विधायक अनिल विज ने कहा कि जो कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 को 371 कहती हो, ऐसी पार्टी को इस देश से वोट मांगने का अधिकार नहीं है। विज ने एक्स पर पोस्ट किया कि "जिस कांग्रेस पार्टी का हीरो राहुल गांधी स्टोव में कोयले डालकर चाय बनाने की बात करता हो और जिसका राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे धारा 370 को 371 कहता हो, जिस धारा को हटाने के लिए हम सब ने धड़ की बाजी लगाई हो, उस पार्टी को वोट मांगने का अधिकार नहीं है"। वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि अनुच्छेद 370 के लिए एक-एक हिंदुस्तानी ने कई वर्षों तक संघर्ष कर इसे खत्म करने का प्रयास किया और नरेंद्र मोदी ने आकर इसको तोड़ा। इसकी वजह से आज कश्मीर में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष अनुच्छेद 370 को 371 कहता है और ऐसी पार्टी को इस देश से वोट मांगने का अधिकार बिल्कुल भी नहीं है।

### भाजपा के शासन काल में संविधान और मजबूत हुआ

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बयान कि संविधान खतरे में है और अब तानाशाही के खिलाफ संदेश देने की जरूरत है, पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने पलटवार करते हुए कहा कि संविधान जितना मजबूत भाजपा के शासन में हुआ, उतना अब से पहले कभी नहीं था।


---

## बकाया पैसे को लेकर कंडक्टर से भिड़ी युवती, हाथ में पकड़े नोट फाड़े, ई टिकटिंग मशीन भी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोडवेज के कंडक्टर व एक युवती के बीच जमकर तकरार हुई। बकाया पैसे लेने को लेकर यह विवाद हुआ। युवती की मानें तो 15 रुपये की टिकट के लिए उसने कंडक्टर को 500 रुपये का नोट दिया था। कंडक्टर ने टिकट के पीछे बकाया लिखा। इसके बाद बाकी सवारियों के टिकट देकर बकाया देने की बात कही। इस बात को लेकर युवती को गुस्सा आ गया। कंडक्टर की मानें तो युवती ने जबरन उससे 500 का नोट छीनने का प्रयास। इसी वजह से युवती ने हाथ में पकड़े नोट फाड़ दिए। साथ ही ई-टिकटिंग मशीन तोड़ दी। इसके बाद युवती ने कंडक्टर को सीएम व सीआईडी को फोन करने की धमकी भी दी। तब बस में सवार कुछ लोगों ने इस घटनाक्रम की वीडियो बना ली। यह घटना जिले के नारायणगढ़ डिपो की है।





**अंबाला।** बस में कंडक्टर से उलझती युवती व तोड़ी गई ई. टिकटिंग मशीन।

झूठा मुकदमा दर्ज करने का डर दिखा कर मांगे रुपये

## सब इंस्पेक्टर तथा हेड कांस्टेबल 5 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने नूंह जिला के डायल-112 फिरोजपुर झिरका पुलिस थाने में कार्यरत ईएसआई सुरेंदर तथा हेड कांस्टेबल बीरपाल को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता पर झूठा मुकदमा दर्ज करने के बदले में 20 हज़ार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी, जिसमें से सब इंस्पेक्टर को 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत प्राप्त हुई कि आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता पर झूठा मुकदमा दर्ज करने के बदले में 20,000 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मामले में आरोपियों द्वारा पहले ही डेढ़ लाख रुपये की राशि के टायर्स रिश्वत के तौर पर लिए गए थे।

युवक को दिल्ली के दीन दयाल अस्पताल में भर्ती करवाया

## राजस्थान से गुरुग्राम में एंज्वाय करने आए युवक को गोली मारी

**गुरुग्राम।** राजस्थान से गुरुग्राम के क्लब में एंज्वाय करने आए युवक को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली युवक की थाई के आर-पार हो गई। युवक को गंभीर हालत में दिल्ली के दीन दयाल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। राजस्थान के राजगढ़ का 26 वर्षीय मोहित अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर गुरुग्राम के डीटी सिटी सेंटर के मोजो क्लब में एन्जॉय करने आया था। जहां कहासुनी हो गई। इसके बाद मोहित जैसे ही क्लब से बाहर निकला तो एमजी रोड मैट्रो स्टेशन के निकट तीन-चार बदमाशों ने मोहित व उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। पुलिस को दिए बयान अनुसार मोहित पर बदमाशों में से एक ने पस्टिल से फायर किया और मौके से फरार हो गए। गोली से घायल हुए मोहित के दोस्तों ने अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

## गुरुग्राम में सीएम फ्लाइंग ने रेड कर प्रतिबंधित ई-सिगरेट पकड़ी

■ सुशांतलोक के मकान से बरामद की गई लाखों की सिगरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सीएम फ्लाइंग और दवा नियंत्रक विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधिक विदेशी और ई-सिगरेट बरामद की। आरोपी सुंशातलोक स्थित एक मकान के बेसमेंट में अवैध तरीके से प्रतिबंधित सिगरेटों को रखकर कारोबार कर रहा था। आरोपी के खिलाफ शिकायत पर सुशांतलोक थाने में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल, सीएम फ्लाइंग और दवा नियंत्रक विभाग को सूचना मिली थी कि सुशांतलोक स्थित एक मकान के बेसमेंट में अवैध तरीके से प्रतिबंधित सिगरेट बेचने का कारोबार चलाया जा रहा है। इस पर जिला उपायुक्त द्वारा कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई। एसडीएम बादशाहपुर वश्विजीत चौधरी की देखरेख में संयुक्त टीम बनाकर शनिवार रात को कार्रवाई की गई। रेड के दौरान सुशांतलोक के सी-ब्लाक मकान के बेसमेंट में दल्लिी के खानपुर निवासी राजेश कुमार निवासी खानपुर दल्लिी मिला। उसके पास से विदेशी सिगरेट के 1500 पैकेट व 700 ई-सिगरेट बरामद की हैं।


## भिवानी बोर्ड ने यूएमसी के कुल दर्ज केसों में अकेले 45 फीसदी नूंह में पकड़े 10वीं तथा 12वीं की बोर्ड की परीक्षा में नकल के कुल 813 मामले दर्ज

■ वर्ष 2023 के यूएमसी के 1741 के मुकाबले इस बार यूएमसी के केसों में आई भारी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा हाल ही में ली गई 10वीं तथा 12वीं की बोर्ड की परीक्षा में यूएमसी के कुल 813 मामले दर्ज किए गए। इनमें से अकेले 45 फीसद नूंह जिले से हैं। नूंह में कुल 369 यूएमसी के मामले पकड़े गए। नूंह जिले के बाद पलवल ऐसे जिला है, जहां प्रदेश में सर्वाधिक यूएमसी केस बने। वहीं, पलवल में 166 मामलों यूएमसी के दर्ज किए गएके साथ दूसरे स्थान पर है। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार गत 2 अप्रैल को संपन्न हुई 10वीं परीक्षाओं में 422, 12वीं कक्षाओं में 382 तथा डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) में कुल 9 केस परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग के दर्ज किया गए। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2023 के मुकाबले इस परीक्षा सीजन में यूएमसी के केस में भारी गिरावट आई है। पिछले साल प्रदेश भर में यूएमसी के 1741 मामले दर्ज किए गए थे।

**पलवलः 166 मामले यूएमसी के दर्ज किए, प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा**



भिवानी बोर्ड की परीक्षा देते विद्यार्थी। (फाइल फोटो)

### पंचकूल व अंबाला में कोई केस नहीं

पंचकूला और अंबाला जिले परीक्षाओं के संचालन में निष्पक्षता की सूची में शीर्ष पर रहे क्योंकि इन जिलों में यूएमसी का एक भी मामला सामने नहीं आया। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी और यमुनानगर जिलों में प्रत्येक जिले में यूएमसी का सिर्फ एक मामला दर्ज किया गया। सिरसा और करनाल जिलों में भी तीन-तीन मामले दर्ज किए गए।

**जिलेवार मामले**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 0 | महेंद्रगढ़ | 12 |
| भिवानी | 33 | नूंह | 369 |
| चरखी दादरी | 16 | पानीपत | 20 |
| फरीदाबाद | 14 | पंचकूला | 0 |
| फतेहाबाद | 1 | पलवल | 166 |
| गुरुग्राम | 24 | रोहतक | 28 |
| हिसार | 21 | रेवाड़ी | 1 |
| झज्जर | 12 | सिरसा | 3 |
| जींद | 16 | सोनीपत | 68 |
| करनाल | 3 | यमुनानगर | 1 |
| कुरुक्षेत्र | 1 | कुल | 813 |
| कैथल | 4 | | |

